TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 28 मार्च

1. **वाशिंग मशीन का अविष्कार –** 28 मार्च, 1797 ई. को कपड़े धोने के लिए उपयोग में आने वाली 'वाशिंग मशीन' के अविष्कार के लिए नाथानियल ब्रिग्स को पेटेंट प्रदान किया गया।

2. **गोरख प्रसाद का जन्म–** हिन्दी विश्वकोश के संपादक, गणितज्ञ तथा हिन्दी में वैज्ञानिक साहित्य के लेखक गोरख प्रसाद का जन्म 28 मार्च, 1896 को गोरखपुर में हुआ था। वे ज्योतिष और खगोल के प्रकांड विद्वान थे। काशी में हिंदी साहित्य सम्मेलन के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद् के अध्यक्ष थे। 'भारतीय ज्योतिष का इतिहास', 'सूर्यसारिणी', 'चंद्रसारिणी', 'आकाश की सैर', 'सरल विज्ञानसागर' आदि उनकी प्रमुख रचना है।

Thursday



गुरु अंगद देव जी

जन्म-31 मार्च 1504 मृत्यु-28 मार्च 1552

# दिवस विशेष

28 मार्च

मधु प्रिया

# गुरु अंगद का निधन 28 मार्च



गुरु अंगद का जन्म 31 मार्च 1504 को गांव हरिके (अब सराय नागा , मुक्तसर के पास ) पंजाब में लहणा के नाम से हुआ था। वह फेरू मल नामक एक छोटे लेकिन सफल व्यापारी के पुत्र थे। उनकी माता का नाम माता रामो था (जिन्हें माता सभिराय, मनसा देवी और दया कौर के नाम से भी जाना जाता है)। सभी सिख गुरुओं की तरह, लहना खत्री जाति और विशेष रूप से त्रेहन गोत्र (कबीले) से आए थे। गुरु नानक का शिष्य बनने और अंगद के रूप में सिख जीवन शैली का पालन करने से पहले, लहना खडूर के एक धार्मिक शिक्षक थे जिन्होंने देवी दुर्गा का पालन किया था। भाई लहना ने अपने 20 के दशक के अंत में गुरु नानक की तलाश की, उनके शिष्य बन गए, और करतारपुर में लगभग छह से सात वर्षों तक अपने गुरु की वफादारी के साथ सेवा की और सनातन जीवन शैली को त्याग दिया। ऐसा माना जाता है कि उन्हें अपने विश्वास को त्यागने और गुरु नानक की प्रथाओं का पालन करने के लिए सिर्फ एक बैठक हुई। गुरु अंगद ने गुरु नानक के मार्गदर्शन में खुद को साबित करने के लिए 7 साल समर्पित किए और कई परीक्षणों के बाद उन्होंने 1539 में उन्हें अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया । 28 मार्च 1552 को इनकी मौत हो गयी।

# पुण्यतिथि विशेष 28 मार्च

राकेश कुमार



महान स्वाधीनता सेनानी
ओजस्वी वक्ता और शिक्षाविद
**एस. सत्यमूर्ति जी**
की पुण्यतिथि पर उन्हें
विनम्र श्रद्धांजलि।

*एस. सत्यमूर्ति* *S. Satymurti*, जन्म: 19 अगस्त, 1887, ज़िला तिरुचिराप्पल्ली, तमिलनाडु; मृत्यु: 28 मार्च, 1943) भारत के क्रांतिकारी नेता थे, जिन्होंने सविनय अवज्ञा आन्दोलन और भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया तथा जेल की सजाएं भोगीं।[१]

| | |
|---|---|
| **अन्य जानकारी** | एस. सत्यमूर्ति एक महान् वक्ता, शिक्षाविद और कला के पारखी थे, जो बाद में बहुत से राजनीतिज्ञों के पितामह रहे। |

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 28.03.2024

## मोटर फिटनेस परीक्षण

मोटर फिटनेस परीक्षण यह किसी व्यक्ति को किसी विशेष खेल, गतिविधि या मोटर कौशल में सफल होने की अनुमति देता है। संतुलन, समन्वय, चपलता, गति और प्रतिक्रिया समय विशिष्ट मोटर फिटनेस हैं। इसे कौशल-संबंधित फिटनेस के रूप में भी जाना जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



अमेरिका के **फ्लोरिडा** राज्य में 14 साल से कम उम्र के बच्चों को **सोशल मीडिया** चलाने पर **प्रतिबंध** लगा दिया गया है। वहीं 14-15 साल के बच्चों को **सोशल मीडिया** चलाने के लिए **माता-पिता** की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

# TOB

राकेश कुमार



## खेल कॉर्नर





## फीफा महिला विश्व कप

# फीफा महिला विश्व कप विजेताओं की सूची



**1991 में इसकी शुरुआत हुई।**

फीफा महिला विश्व कप विजेताओं की सूची

| साल | विजेता | उप-विजेता |
| --- | --- | --- |
| 1991 | संयुक्त राज्य अमेरिका | नॉर्वे |
| 1995 | नॉर्वे | जर्मनी |
| 1999 | संयुक्त राज्य अमेरिका | चीन |
| 2003 | जर्मनी | स्वीडन |
| 2007 | जर्मनी | ब्राज़ील |
| 2011 | जापान | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 2015 | संयुक्त राज्य अमेरिका | जापान |
| 2019 | संयुक्त राज्य अमेरिका | नीदरलैंड |
| 2023 | स्पेन | इंग्लैंड |



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TOB बूझो तो जानें..
379
ऐसी कौन – सी चीज है, जिसके पास रिंग तो है मगर पहनने के लिए ऊँगली नहीं है ..... बुझो तो जानें ?
मोबाइल
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार

# Today's Quiz

QUIZ TIME

## Quiz Number 354

### भारत की प्रथम रंगीन फिल्म का क्या नाम हैं ?

A. राजा हरिश्चंद्र

B. आलम आरा

C. मुगले आज़म

D. किसान कन्या



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D

# TEACHERS OF BIHAR

The Change Makers



28 मार्च

सिखों के द्धितीय गुरु

## गुरु अंगद देव जी

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।



Madhu priya

28 मार्च 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

'एक मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म दूसरों की भलाई और सहयोग होना चाहिए, जो एक संपन्न राष्ट्र का निमार्ण करता है'।

**ईश्वर चंद्र विद्यासागर**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org